परिपत्र संख्या- 01 /नजारत(1)/20012

प्रेषक,

अपर पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त अधीनस्थ कार्यालयाध्यक्ष,
कारागार विभाग,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊः दिनांकः 03 जनवरी, 2019

विषयः- कारागारों में संचार व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने के सम्बन्ध में।

कारागार विभाग में अधिकारियों को संचार की सुविधा के लिए पूर्व में सी0यू0जी0 सुविधा उपलब्ध करायी गयी थी। तत्समय इस सुविधा के अन्तर्गत शासकीय सी0यू0जी0 पर ही बिना शुल्क लिये वार्ता करने की सुविधा मात्र थी।

इस सम्बन्ध में पाया गया कि वर्तमान में वाट्सएप, फेसबुक तथा शासकीय सी0यू0जी0 से अन्य व्यक्तियों से वार्ता करने की भी प्रशासनिक कार्यों के लिए आवश्यकता होती है।

अतः कारागार विभाग के वर्तमान सी0यू0जी0 प्लान को परिवर्तित कर बी0एस0एन0एल0 के दीवाली धमाका प्लान-1699 में परिवर्तित करा दिया गया है, जिसके अन्तर्गत कारागार विभाग के सी0यू0जी0 पर निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध होंगीः-

1- सी0यू0जी0 से सी0यू0जी0 पर वार्ता करने के साथ-साथ किसी भी नेटवर्क पर असीमित वार्ता किये जाने की सुविधा।

2- असीमित डाटा सुविधा जिसमें प्रतिदिन 2G.B. के बाद नेट की गति घटकर 80 Kbps रह जाएगी।

3- प्रतिदिन 100 एस0एम0एस0 करने की सुविधा।

4- असीमित कालर टोन चुनने की सुविधा।

इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि आपको अपने सी0यू0जी0 नम्बर में उल्लिखित सुविधाओं हेतु न्यूनतम रू0-10/- का टैरिफ रखा जाना अपरिहार्य होगा।

उक्त प्लान के अन्तर्गत आपको प्रशासनिक कार्यों के लिए संचार की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। विश्वास है कि नेट और संचार का बेहतर उपयोग कर आप अपने प्रशासन में अपेक्षित परिणाम दे सकेंगे।

1/1/19

(चन्द्र प्रकाश)
अपर पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें
उत्तर प्रदेश।

परिपत्र पृ0सं0 01 /नजारत(1)/2018 तददिनांक-03 जनवरी, 2019

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-- समस्त अधिकारीगण, मुख्यालय कारागार।

(डा0 शरद)
अपर महानिरीक्षक(मु0)
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें
उत्तर प्रदेश।